**प्रेस नोट दिनांक 22.09.2025**

**थाना बारादरी जनपद बरेली।**

**<u>थाना बारादरी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी कर संगठित अपराध करने वाले 02 शातिर तस्करो को 900 ग्राम अफीम व 200 ग्राम अवैध स्मैक व 3.5 किलोग्राम कट पावर पाउडर( जिसकी कुल अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 48 लाख रूपये) व 02 अदद मोटरसाइकिल तथा बिक्री के 94000/- रु0 नकद व 05 मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कम्पनी के साथ गिरफ्तार किये जाने के सम्बन्ध में</u>**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली महोदय द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय महोदय के निर्देशन में थाना बारादरी पुलिस द्वारा अभियान के तहत दिनांक 21/22.09.2025 की रात्रि को 02 शातिर अभियुक्त गण **1. साजिद पुत्र लईक नि0 मौहल्ला गढ़ी कस्बा शीशगढ़ जिला बरेली हाल पता हाजी शाकिर की कोठी के पास, फाईक एंक्लेव फेस-02 , थाना बारादरी जिला बरेली उम्र करीब 45 वर्ष 2. रेहान पुत्र नूर इस्लाम नि0 ग्राम जोखनपुर थाना बहेड़ी जिला बरेली उम्र करीब 28 वर्ष** को 900 ग्राम अफीम व 200 ग्राम अवैध स्मैक व 3.5 किलोग्राम पावर पाउडर व 01 अदद मोटरसाइकिल व 01 अदद स्कूटी व बिक्री के 94000/- रु0 नकद व 05 अदद मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कम्पनी के साथ गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 1126/2025 धारा 8/18/21/29/60 NDPS Act व धारा 111 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त से विस्तृत पूछताछ कर मा0 न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है तथा मौके से फरार अन्य 03 अभियुक्त गण की भी तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

**घटना के सम्बन्ध में तथ्यों का सारगर्भित विवरणः-**

दिनांक 21/22.09.2025 की रात्रि प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी बरेली द्वारा नवरात्रि की पूर्व संध्या पर विशेष सतर्कता बरतने एवं संदिग्ध व्यक्ति /वाहन की चेकिंग आदि के क्रम में चौकी प्रभारी मॉडल टाउन उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार की टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर पुराना रेलवे ग्राउण्ड में शुनशान स्थान पर अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई व तस्करी में लिप्त खडे पाये गये अभियुक्तो को दबिश देकर पकडा गया जिसमें मौके से 02 अभियुक्त मय मो0सा0 व नाजायज अवैध मादक पदार्थ के साथ पकडे गये तथा खुला स्थान एवं अंधेरे का लाभ उठाकर अन्य 03 अभियुक्त जिनके पास अवैध मादक पदार्थ हो सकते थे , मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार अभियुक्तो की तलाशी श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय महोदय के समक्ष कराते हुए कब्जे से 900 ग्राम अफीम व 200 ग्राम अवैध स्मैक व 3.5 किलोग्राम पावर पाउडर ( जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कुल कीमत 48 लाख रूपये लगभग) व 01 अदद मोटरसाइकिल व 01 अदद स्कूटी व बिक्री के 94000/- रु0 नकद व 05 अदद मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कम्पनी कब्जा पुलिस में लेकर मु0अ0सं0 1126/2025 धारा 8/18/21/29/60 NDPS Act व धारा 111 बीएनएस बनाम 05 अभियुक्त नामजद ( 02 गिरफ्तार व 03 फरार) पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

दिनांक 21/22.09.2025 की रात्रि प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी बरेली द्वारा नवरात्रि की पूर्व संध्या पर विशेष सतर्कता बरतने एवं संदिग्ध व्यक्ति /वाहन की चेकिंग आदि के क्रम में चौकी प्रभारी मॉडल टाउन उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार की टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर पुराना रेलवे ग्राउण्ड में सुनशान स्थान पर अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई व तस्करी में लिप्त खडे पाये गये अभियुक्तो को दबिश देकर पकडा

BAREILLY POLICE

गया जिसमें मौके से 02 अभियुक्त मय मो0सा0 व नाजाय़ज अवैध मादक पदार्थ के साथ पकडे गये तथा खुला स्थान एवं अंधेरे का लाभ उठाकर अन्य 03 अभियुक्त जिनके पास अवैध मादक पदार्थ हो सकते थे , मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार अभियुक्तो की तलाशी श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय महोदय के समक्ष कराते हुए कब्जे से 900 ग्राम अफीम व 200 ग्राम अवैध स्मैक व 3.5 किलोग्राम पावर पाउडर व 01 अदद मोटरसाइकिल व 01 अदद स्कूटी व बिक्री के 94000/- रु0 नकद व 05 अदद मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कम्पनी कब्जा पुलिस में लेकर मु0अ0सं0 1126/2025 धारा 8/18/21/29/60 NDPS Act व धारा 111 बीएनएस बनाम 05 अभियुक्त नामजद ( 02 गिरफ्तार व 03 फरार) पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-</u>**

मु0अ0सं0 1126/2025 धारा 8/18/21/29/60 NDPS Act व धारा 111 बीएनएस बनाम 1. **साजिद पुत्र लइक** नि0 मौहल्ला गढ़ी कस्बा शीशगढ़ जिला बरेली हाल पता हाजी शाकिर की कोठी के पास , फाईक एंक्लेव फेस-02 , थाना बारादरी जिला बरेली उम्र करीब 45 वर्ष (गिरफ्तार) 2. **रेहान पुत्र नूर इस्लाम** नि0 ग्राम जोखनपुर थाना बहेड़ी जिला बरेली उम्र करीब 28 वर्ष (गिरफ्तार) 3. नन्हें पुत्र नामालूम निवासी अर्सिया बोझ चौकी फरीदपुर थाना बहेड़ी (फरार) 4. रोहित पुत्र नन्हें नि0 अर्सिया बोझ चौकी फरीदपुर थाना बहेड़ी(फरार) 5. आरिफ पुत्र मौ0 नबी नि0 ग्राम सूरिया थाना भोजीपुरा जिला बरेली (फरार) के विरूद्ध दिनांक 22.09.2025 को पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त गण को मा0 न्यायालय रिमाण्ड हेतु भेजा जा रहा है।

**<u>पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरण (जैसे कि वह कहाँ का रहने वाला है, कितना पढ़ा-लिखा है,पूर्व में/वर्तमान क्या करता/करती है, घटना स्थल किस तरह पहुँचा और अपराध में संलिप्त करने का कारण आदि)-</u>**

अभियुक्त साजिद पुत्र लईक से पूछने पर जानकारी हुई कि यह अभियुक्त मूल रूप से मोहल्ला गढ़ी थाना शीशगढ जनपद बरेली का रहने वाला है पढा लिखा व्यक्ति है। शुरू में मोहल्ले में ही टेलर का काम करता था किन्तु उससे खर्च नही चल पाया था, इसकी शादी नगमा पुत्री अल्ताफ हुसैन निवासी ग्राम **अर्सिया बोझ** थाना बहेडी जनपद बरेली के साथ हुई थी शादी के बाद ससुराल आने जाने के दौरान इसकी जान पहचान ग्राम अर्सिया बोझ के रहने वाले नन्हे नाम के व्यक्ति से हुई जो पूर्व से तस्करी का काम कर रहा था उसने इसे साथ मिलकर स्मैक व अफीम के धन्धे के लिए तैयार किया और फिर दोनो मिलकर अफीम झारखण्ड एवं स्मैक तथा पावर पाउडर मणिपुर से लाकर बेचने का काम शुरू कर दिया अच्छा पैसा मिलने लगा तो साजिद ने 60 गज की एक जमीन फाईक इन्कलेव फेस- 2 में खरीदकर उस पर 03 मंजिला मकान बनाकर रहने लगा। इसके बीबी व 03 छोटे बच्चे जिनकी उम्र 09 वर्ष, 06 वर्ष व 04 वर्ष है। गांव में इसके मां बाप के साथ रहने लगे और यह यहां रहकर स्मैक का काम करने लगा। पूर्व में एक बार यह जनपद पीलीभीत से एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है हर जगह इसने मूल पता घर का बताया है वहां पर जाने पर इसके घर वाले बताते है कि दिल्ली में रहकर मजदूरी कर रहा है। दूसरा अभियुक्त रेहान पुत्र नूर इस्लाम निवासी मो0 जोखनपुर थाना बहेडी बरेली हाल पता वार्ड नं0 30 उत्तर उजाला हल्द्वानी नैनीताल का रहने वाला है। इसकी ससुराल भी हल्द्वानी में है। साजिद का इससे सम्पर्क जेल से न्यायालय जाने के समय मुलाकात के दौरान हुई और जेल से छूटने के बाद मिलकर इस धन्धे को करने लगे। रेहान भी पकडे जाने पर अपना पता बहेडी का बताता है जबकि रहता हल्द्वानी नैनीताल मे है और वही से यह धन्धा करता है पूर्व में यह 02 बार एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है। भागे हुए अन्य 03 अभियुक्त नन्हे पुत्र अज्ञात व रोहित उर्फ शोएब पुत्र नन्हे बाप – बेटे है जो इस धन्धे के मास्टर माइंड है इनके द्वारा ही उपरोक्त दोनो लोगो के साथ मिलकर माल गैर प्रान्त से आर्डर देकर मंगाया जाता है और ग्राहक खोजकर बेचा जाता है। तीसरा भागा अभियुक्त आरिफ पुत्र मो0 नबी निवासी ग्राम सूरिया थाना भोजीपुरा बरेली जो इस गैंग का सबसे भरोसेमन्द माल ले आने तथा सप्लाई करने वाला पैडलर है जो माल को ले जाकर पंजाब हरियाणा, दिल्ली ,उत्तराखण्ड आदि स्थानो पर सप्लाई करता है। पूछताछ में यह भी जानकारी हुई कि भागे हुए बाप- बेटे के पास अवैध मादक पदार्थ था और जिसे आज चारो मिलकर पैडलर के माध्यम से गैर प्रान्त भेजने वाले थे कि पकडे गये तथा जो पैसा नगद बरामद हुआ उसे भी इन दोनो ने मादक पदार्थ की बिक्री कर कमाया था और उस रूपये से एडवान्स देकर और माल मंगाने की योजना थी ,कि पकडे गये। फरार अभियुक्तो की तलाश की जा रही है। जिनकी गिरफ्तारी कर कठोर कार्यवाही की जायेगी एवं मादक पदार्थ की तस्करी से अर्जित की गयी सम्पत्ति को सीज कर कुर्क भी किया जायेगा।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक इतिहासः –</u>**

BAREILLY POLICE

1.साजिद पुत्र लइक नि0 मौहल्ला गढ़ी कस्बा शीशगढ़ जिला बरेली हाल पता हाजी शाकिर की कोठी के पास , फाईक एंक्लेव फेस-02 , थाना बारादरी जिला बरेली उम्र करीब 45 वर्ष (गिरफ्तार)

मु0अ0सं0 1126/2025 धारा 8/18/21/29/60 NDPS Act थाना बारादरी बरेली

मु0अ0सं0 0447/2021 धारा 8/21 NDPS Act थाना न्यूरिया पीलीभीत

**2.रेहान पुत्र नूर इस्लाम नि0 ग्राम जोखनपुर थाना बहेड़ी जिला बरेली उम्र करीब 28 वर्ष (गिरफ्तार)**

मु0अ0सं0 1126/2025 धारा 8/18/21/29/60 NDPS Act थाना बारादरी बरेली

मु0अ0सं0 0128/2022 धारा 8/22/60 NDPS Act थाना वनभूलपुरा जनपद नैनीताल उत्तराखण्ड

मु0अ0सं0 030/2025 धारा 8/21 NDPS Act थाना कोतवाली अल्मोडा जनपद अल्मोडा उत्तराखण्ड

## वांछित अभियुक्तः-

**3. नन्हें पुत्र नामालूम निवासी अर्सिया बोझ चौकी फरीदपुर थाना बहेड़ी (फरार)**

मु0अ0सं0 1126/2025 धारा 8/18/21/29/60 NDPS Act थाना बारादरी बरेली

मु0अ0सं0 974/2021 धारा 147/148/149/307/323/324/354(क)/354(ख)/427/452/504/506 थाना बहेडी बरेली

**4. रोहित उर्फ शोएब पुत्र नन्हें नि0 अर्सिया बोझ चौकी फरीदपुर थाना बहेड़ी(फरार)**

मु0अ0सं0 1126/2025 धारा 8/18/21/29/60 NDPS Act थाना बारादरी बरेली

मु0अ0सं0 974/2021 धारा 147/148/149/307/323/324/354(क)/354(ख)/427/452/504/506 थाना बहेडी बरेली

मु0अ0सं0 965/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बहेडी बरेली

**5. आरिफ पुत्र मौ0 नबी नि0 ग्राम सूरिया थाना भोजीपुरा जिला बरेली (फरार)**

मु0अ0सं0 1126/2025 धारा 8/18/21/29/60 NDPS Act थाना बारादरी बरेली

## बरामदगी

1. 900 ग्राम अफीम
2. 200 ग्राम अवैध स्मैक
3. 3.5 किलोग्राम पावर पाउडर ( जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कुल कीमत 60 लाख रूपये लगभग)
4. 01 अदद मोटरसाइकिल
5. 01 अदद स्कूटी
6. बिक्री के 94000/- रु0 नकद
7. 05 अदद मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कम्पनी

## गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-

- प्रभारी निरीक्षक धनंन्जय पाण्डेय थाना बारादरी बरेली।
- उ0नि0 जितेन्द्र कुमार प्रभारी चौकी मॉडल टाउन थाना बारादरी बरेली।
- उ0नि0 राजीव प्रकाश थाना बारादरी बरेली।
- हे0का0 809 विनीत कुमामर थाना बारादरी बरेली।
- हे0का0 1054 विशाल कुमार थाना बारादरी बरेली।
- हे0का0 534 आशीष कुमार मिश्र थाना बारादरी बरेली।
- का0 2893 सिद्धान्त चौधरी थाना बारादरी बरेली।
- का0 511 आदित्य प्रताप सिंह थाना बारादरी बरेली।

BAREILLY POLICE